प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

14.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

पर्यटन राजधानी

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वे कांगड़ा जिले को प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनाने की दिशा में कार्यान्वित होने वाले मुख्य सैक्टरों की स्वयं निगरानी करेंगे। इनमें बनखंडी में बनने वाला जू, पौंग झील में विकसित होने वाली वाटर स्पोर्ट्स सुविधाएं, कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार और ढगवार में स्थापित हो रहे अत्याधुनिक मिल्क प्लांट शामिल है। मुख्यमंत्री कल धर्मशाला में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति के लिए आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांगड़ा हवाई पट्टी के विस्तारीकरण की योजना कांगड़ा को प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा 6 सी पी एस को हटाने के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने अभी तक कोर्ट के फैसले को नहीं पढ़ा है। उन्होंने कहा कि कार्ट के फैसले का अध्ययन किया जाएगा और अध्ययन करने के बाद सभी अधिकारियों और मंत्रिमंडल में चर्चा करने के बाद आगामी रणनीति तय की जाएगी।

बाल दिवस

आज बाल दिवस है। ये दिन देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस पर मनाया जाता है। चाचा नेहरू को बच्चों से विशेष लगाव था इसलिये उन्होंने ये दिन बच्चों को समर्पित किया। इस अवसर पर बच्चों के अधिकार, देखभाल और शिक्षा के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। देश की आजादी के बाद पंडित नेहरू ने बच्चों की शिक्षा प्रगति व कल्याण के लिये कार्य किये। इस अवसर पर आज राजधानी सहित राज्य के स्कूलों में निबंध, भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता व अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

शौच मुक्त

नगर निगम शिमला द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम के सभी 34 वार्डों को खुला शौच मुक्त घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को अपनी आपत्ति व सुझाव दर्ज करवाने हो तो वे 15 दिन के भीतर आपत्ति व सुझाव दर्ज करवा सकते हैं। इसके बाद नगर निगम शिमला द्वारा आगामी कार्यवाही के लिए राज्य सरकार को सूचित कर दिया जाएगा।

मधुमेह दिवस

आज विश्व मधुमेह दिवस मनाया जा रहा है। मधुमेह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है। मधुमेह की रोकथाम, शीघ्र निदान, प्रभावी प्रबंधन और देखभाल तक समान पहुंच में व्यापक कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता को उजागर करने और लोगों को इस रोग के बारे में जागरुक करने के उद्देश्य से हर साल 14 नवम्बर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व मधुमेह दिवस का विषय अवरोधों को तोड़ना और अंतरालों को कम करना है। 2023 में प्रकाशित भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद–आईसीएमआर इंडियाब के एक अध्ययन के अनुसार भारत में लगभग दस करोड़ दस लाख लोग मधुमेह से पीड़ित हैं।

बिजली योजना

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत ऊना जिले के एक गांव को मॉडल सोलर गांव के रूप में विकसित किए जाने का प्रस्ताव है। इस योजना के माध्यम से चयनित गांव में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और बिजली की जरूरतों को स्वच्छ ऊर्जा से पूरा करने के लिए एक करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले में 2 हजार की आबादी वाले गाँवों में से एक गाँव का चयन करने की शर्त है और वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक जिले में ऐसे 32 गांव हैं जिनकी जनसंख्या 2 हजार से अधिक है।

<u>अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने सी पी एस मामले में हाईकोर्ट के फैसले से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **हिमाचल में सभी 6 सी पी एस की नियुक्तियां रद्द। पंजाब केसरी** का शीर्षक है **हिमाचल प्रदेश में 6 सी पी एस हटाए, कानून भी किया निरस्त। दैनिक भास्कर** के शब्द हैं **हाईकोर्ट ने 6 सी पी एस की नियुक्तियां रद्द कीं, सुविधाएं वापस लेने के निर्देश। दैनिक जागरण** का कहना है **हिमाचल हाईकोर्ट ने हटाए सी पी एस। दैनिक सवेरा टाइम्स** ने लिखा है **हिमाचल हाईकोर्ट का सी पी एस को पदों से हटाने का आदेश।**

**अमर उजाला** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है **कांगड़ा हवाई अड्डे से मार्च में शुरू होगी सूर्योदय से सूर्योस्त तक उड़ानें। आपका फैसला** के शब्द हैं **सतत विकास के लिए ईको–टूरिज्म को बढ़ावा देना आवश्यक।**

मौसम की खबर को **दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है बद्दी सबसे ज्यादा प्रदूषित, 3 शहरों में मध्यम बाकी जगह का एक्यूआई संतोषजनक, मनाली सबसे स्वच्छ।**

**एच पी बोर्ड लेगा एस एम सी शिक्षकों की एल डी आर परीक्षा हिमाचल दस्तक** की एक खबर है।